नवभारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




## एक नजर में

### पंजाब के लॉ कॉलेज में छात्रा को गोली मारी

**तरनतारन.** पंजाब के तरनतारन स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को एक छात्र ने क्लासरूम में एक 20 वर्षीय छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी. इसके बाद आरोपी छात्र ने एक सेकेंड बाद ही खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली है. मृतका लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी और आरोपी छात्र प्रिंसराज सिंह भी उसके साथ ही पढ़ता था. एक तरफा प्यार का मामला होने की आशंका जताई जा रही है.

### न्यायालय परिसर में बंद हो 'गुंडा राज' : सुको

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार दिया और कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है. न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक उल्लेख पर सुनवाई कर रहा था. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया. जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी.

# भारत-सेशेल्स संबंधों को नई ऊंचाई

- पीएम ने किया 17 करोड़ 50 लाख डॉलर पैकेज का ऐलान
- मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति के बीच मुलाकात



**नई दिल्ली, 09 फरवरी. भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के बीच सोमवार को द्विपक्षीय मुलाकात हुई. बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-सेशेल्स संबंधों, आर्थिक सहयोग और विकास साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर विस्तार से चर्चा की.**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत सेशेल्स के लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष इकोनॉमिक पैकेज की पेशकश करेगा. यह पैकेज सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, व्यवसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और मैरीटाइम सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा. इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स के रिश्ते केवल राजनयिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हिंद महासागर की लहरें सदियों से दोनों देशों के लोगों को जोड़ती आ रही हैं. उन्होंने कहा कि मुझे राष्ट्रपति हर्मिनी और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है.

### मुंबई और चेन्नई में निवेश पर चर्चा

राष्ट्रपति हर्मिनी का यह दौरा केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि पूरी तरह से बिजनेस सेंट्रिक भी रहा है. दिल्ली पहुंचने से पहले उन्होंने चेन्नई और मुंबई में समय बिताया, जहां उन्होंने गवर्नेंस, इंडस्ट्री और कोस्टल मैनेजमेंट से जुड़े प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के साथ मुलाकात की.

पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देश आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर सहमत हुए हैं. लोकल करेंसी में व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ फिनटेक और डिजिटल समाधानों के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा. उन्होंने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है और भारत के सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित हैं.

हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के दौरान दोनों देशों ने कई अहम समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया. इनमें स्वास्थ्य, डिजिटल सहयोग, मौसम विज्ञान, संस्कृति, महासागर विज्ञान, खाद्य सुरक्षा और गवर्नेंस जैसे क्षेत्र शामिल हैं. दोनों नेताओं ने ब्लू इकोनॉमी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सेक्टर्स में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है. सेशेल्स की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन और समुद्री संसाधन बेहद अहम हैं, ऐसे में भारत का सहयोग वहां की अर्थव्यवस्था को विविधता प्रदान करने में मदद करेगा.



## नक्सली हथियार डाल विकास की धारा से जुड़े

**जगदलपुर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर में बस्तर पंडुम उत्सव के समापन समारोह में भाग लिया. यहां उन्होंने आदिवासियों की सभा को संबोधित किया. उन्होंने माओवादियों से हथियार डालने और विकास की मुख्यधारा में शामिल होने की अपनी अपील दोहराई. शाह ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि आदिवासी गांवों की सुरक्षा और भविष्य सुनिश्चित करने पर केंद्रित है. उन्होंने हथियार डालने वालों को राज्य के आकर्षक पैकेज के तहत सम्मानजनक पुनर्वास का आश्वासन दिया, जिससे पहले ही 2 हजार 5 सौ से ज्यादा लोग हिंसा छोड़ चुके हैं. हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाते हैं, गांवों पर हमला करते हैं या स्कूलों को नष्ट करते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंसा का कड़ा विरोध किया जाएगा और माओवाद ने सिर्फ विनाश ही किया है. शाह ने इस संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने के लिए बस्तर पंडुम उत्सव की तारीफ की और घोषणा की कि सभी 12 कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों को राष्ट्रपति भवन में अपनी कला पेश करने और राष्ट्रपति के साथ खाना खाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा.



# जवानों का सम्मान

- नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस का दिया था परिचय
- 60 जवानों को मिली क्रम से पूर्व पदोन्नति

नवभारत न्यूज

**बालाघाट, 10 फरवरी. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को पुलिस लाइन बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस का परिचय देने वाले हॉक फोर्स के 60 जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस साहसिक अभियान में शामिल जवानों को सम्मानित करते हुए उन्हें क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की गई है. पदोन्नति पाने वाले जवानों में विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव, मुनेन्द् सिंह, रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेन्द्रे धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकास कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, राम आशीष... शेष पेज 7 पर




